डिफेंस कॉरिडोर : विस्तार के लिए अधिग्रहीत होगी 35.67 हेक्टेयर जमीन

माई सिटी रिपोर्टर

औद्योगिक विकास मंत्री ने भूमि अधिग्रहण के लिए 45.18 करोड़ रुपये की दी स्वीकृति

80 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित हो रही ब्रह्मोस मिसाइल की यूनिट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना को विस्तार दिया जा रहा है। इसके तहत लखनऊ नोड में 35.67 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत करने के लिए औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने 45.18 करोड़ की स्वीकृति दी है।

यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना लखनऊ नोड की 80 हेक्टेयर जमीन पर ब्रह्मोस मिसाइल की यूनिट स्थापित की जा रही है। वहीं, 20 हेक्टेयर भूमि पर एयरोस्पेस एवं चंद्रयान के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी एरोलॉय को स्थापित करने का काम चल रहा है। इसके अलावा तीन अन्य कंपनियों को लखनऊ नोड में जमीन दी गई है। कई कंपनियों के लिए जमीन की मांग देखते हुए भूमि अर्जन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के लखनऊ नोड के लिए सरोजनी नगर तहसील के ग्राम भटगांव की कुल 152.3670 हेक्टेयर जमीन को औद्योगिक विकास क्षेत्र घोषित करते हुए यूपीसीडा में शामिल किया गया है। इसमें करीब 100 हेक्टेयर जमीन को पहले ही अधिग्रहीत किया जा चुका है। वहीं, ग्राम भटगांव की 35.6677 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जानी है। इसके लिए 45.18 करोड़ की मांग की गई थी।